बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 30 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक–30.04.2024 को सातवें चरण से संबंधित कुल 07 जिलों यथा नालन्दा, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, अरवल एवं जहानाबाद में ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट के प्रथम रैण्डमाईजेशन का कार्य पूर्ण हुआ। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपादित किया गया।

जहाँ तक नाम निर्देशन की बात है तो आज दिनांक 30.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत पाँचवें चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण तथा हाजीपुर–अ0जा0) में नामनिर्देशन का तीसरा दिन था। जिसके लिए वस्तु स्थिति निम्नवत् हैं:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
मधुबनी	01	प्रिय रंजन	निर्दलीय	07
	02	मो0 अली अशरफ फातमी	राष्ट्रीय जनता दल	
सीतामढ़ी	01	अर्जुन राय	राष्ट्रीय जनता दल	10
	02	मुशाहिद रजा	देश जनहित पार्टी	
	03	राजेन्द्र महतो	कर्पूरी जनता दल	
मुजफ्फरपुर	01	मनोरंजन कुमार	निर्दलीय	11
	02	अजय निषाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	
	03	अभय कुमार	समता पार्टी	
	04	विजयेश कुमार	बहुजन समाज पार्टी	
	05	सुनीता कुमारी	वज्जिकांचल विकास पार्टी	
	06	नीलिमा कुमारी	निर्दलीय	
	07	आलोक कुमार सिंह	निर्दलीय	
सारण	01	शत्रुघन तिवारी	भारतीय सार्थक पार्टी	08
	02	ज्ञानी कुमार शर्मा	भारतीय एकता दल	
	03	अविनाश कुमार	बहुजन समाज पार्टी	
हाजीपुर–अ0जा0	01	सुरेंद्र कुमार पासवान	निर्दलीय	07
	02	राज कुमार पासवान	युवा बिहार सेना	
	03	राजेश कुमार रौशन	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	
	04	बालेन्द्र दास	जनशक्ति जनता दल	

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 30.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के छठे चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज–अ0जा0, सिवान तथा महाराजगंज) मे नामनिर्देशन का दूसरा दिन था। उक्त आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् है:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
वाल्मीकिनगर	01	शून्य		00
पश्चिम चम्पारण	01	डॉ0 संजय जायसवाल	भारतीय जनता पार्टी	01
पूर्वी चम्पारण	01	शून्य		01
शिवहर	01	सुधीर कुमार सिंह	विरों के वीर इण्डियन पार्टी	05
वैशाली	01	विजय कुमार शुक्ला	राष्ट्रीय जनता दल	03
	02	विक्की कुमार	निर्दलीय	
गोपालगंज–अ0जा0	01	शून्य		00
सिवान	01	हेना शहाब	निर्दलीय	03
	02	अवध बिहारी चौधरी	राष्ट्रीय जनता दल	
	03	राघवेन्द्र कुमार खरवार	निर्दलीय	
महाराजगंज	01	शून्य		01

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में तीन (03) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पटना जिलांतर्गत एक (01) तथा समस्तीपुर जिलांतर्गत एक (01)। इस संदर्भ में दो (02) एफआईआर दर्ज हैं। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत दो (02) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) एवं समस्तीपुर जिलांतर्गत एक (01) तथा तदनुसार दो (02) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), बेगूसराय जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02)। इस संदर्भ में आठ (08) एफआईआर दर्ज हैं। निर्वाचक को प्रलोभन देने के संदर्भ में बक्सर जिलांतर्गत एक (01) मामले प्रतिवेदित है।

पुनः आदर्श आचार संहिता के तहत सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में निजी सम्पत्ति के तहत एक (01) मामला राज्य में प्रतिवेदित हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29.04.2024 को कुल **₹14.82345**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–23435.75(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹74.92631**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹26.62125**(लाख) रूपये मूल्य के 53981.41(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹85.77535**(लाख) रूपये मूल्य की 128826.48 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹202.14636**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।